अनदेखी

ग्रामीणों पर मंडरा रहा जानलेवा खतरा

खदानों में 500 फीट तक गहरी खाई

नवभारत, कटनी। मार्बल नगरी के नाम से पहचान बनाने वाली तहसील स्लीमनाबाद के ग्रामीण अंचलों में खुली पड़ी मार्बल व बॉक्साइट खदानें ग्रामीणों, मवेशियों और वन्य प्राणियों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। शासन की स्पष्ट खनन नीतियों के बावजूद खदान संचालकों की लापरवाही और मनमाने खनन ने हालात चिंताजनक कर दिए हैं।

मनमाने तरीके से हुआ खनन

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय अंतर्गत आधा सैकड़ा से अधिक मार्बल एवं बॉक्साइट खदानें संचालित हैं। खनिज नियमों के अनुसार सामान्यत: 150 से 200 फीट तक ही खनन की अनुमति है। इससे अधिक गहराई के लिए विशेष अनुमति अनिवार्य होती है, लेकिन कई खदानों में बिना अनुमति के 500 से 600 फीट तक खनन कर दिया गया है। नियमों के मुताबिक खदानों के आसपास समतलीकरण, तार फेंसिंग और सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए, लेकिन अधिकांश खदानों में इन मानकों की खुली अवहेलना हो रही है।

बंद खदानें बनीं मौत का कुआं

आर्थिक एवं व्यापारिक मंदी के कारण कई मार्बल खदानों में काम बंद है, लेकिन लीज समाप्ति या काम बंद होने के बाद भी खदानों को सुरक्षित नहीं किया गया। ये गहरी खदानें इतनी खतरनाक हैं कि एक बार पैर फिसलने पर बचना मुश्किल हो जाता है। ग्राम छपरा, अमोच, निमास, जुजावल, पडवार, इमलिया लिगरी, गुदरी सहित आसपास के गांवों में स्थित खदानें ग्रामीणों के लिए रोज़मर्रा की परेशानी बन चुकी हैं।

मवेशियों और वन्य प्राणियों के लिए जानलेवा

खदानें मवेशियों के लिए मौत का जाल बन गई हैं। वहीं जंगल में विचरण करने वाले वन्य जीव और जंगली जानवर पानी की तलाश में जब खदानों के पास पहुंचते हैं, तो असुरक्षित खदानों में गिरकर अपनी जान गंवा बैठते हैं। ग्रामीणों में भय का माहौल है। बच्चों को घर से बाहर खेलने भेजते समय परिजन बार-बार खदानों से दूर रहने की हिदायत देने को मजबूर हैं।

अधिकारियों का पक्ष

एसडीएम राकेश चौरसिया ने कहा कि 'मार्बल और बॉक्साइट खदानों की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।' वहीं खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने बताया कि 'तहसील अंतर्गत सभी माइंस वैध हैं। व्यापारिक मंदी के कारण कई जगह काम बंद है। यदि किसी खदान में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।'

सरपंच कर चुकी हैं शिकायत

ग्राम छपरा की सरपंच सुषमा गुप्ता ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कई बंद मार्बल खदानें खुली पड़ी हैं, जिनके कारण आए दिन वन्य प्राणियों की मौत हो रही है। उन्होंने कलेक्टर के स्लीमनाबाद आगमन के दौरान शिकायत भी सौंपी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ओवरलोड वाहनों से हादसे का अंदेशा

ग्रामीणों में दहशत

नवभारत, कटनी। खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध बड़वारा तहसील से प्रतिवर्ष शासन को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इसके बावजूद आमजन की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। तहसील मुख्यालय सहित आसपास के गांवों से प्रतिदिन भारी-भरकम ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

स्थिति यह है कि खनिज परिवहन में लगे वाहन 80 से 90 टन से अधिक भार लेकर गांवों और आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं। ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत जर्जर हो रही है, वहीं ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस, खनिज विभाग और आरटीओ की जानबूझकर की जा रही अनदेखी के कारण यह अवैध परिवहन खुलेआम जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। अक्सर देखा गया है कि जब किसी दुर्घटना के बाद ग्रामीण चक्का जाम करते हैं, तब अधिकारी मौके पर पहुंचकर केवल नो-एंट्री बोर्ड लगाकर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं, लेकिन ओवरलोड वाहनों पर कोई ठोस और स्थायी कार्रवाई नहीं होती।

ग्रामीणों ने मांग की है कि गांवों और आबादी क्षेत्र से ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा नियमित जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

ए एक नजर में

मुख्यमंत्री कन्या विवाह- निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन 23 को

नवभारत,कटनी। नगर निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही 9 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन कर सकते है। नगर निगम के नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सनद विश्वकर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत वधु को 49 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किए जायेंगे तथा राशि 6 हजार रुपये प्रति जोडों के मान से आयोजनकर्ता निकाय को दी जाएगी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु इच्छुक आवेदक वर तथा कन्या की तीन फोटो, वर एवं कन्या का आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई.डी ई-के.वाई.सी सहित, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज वर एवं कन्या की वोटर आईडी के साथ आवेदन निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में जमा कर सकते है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या का नगर निगम कटनी सीमा का मूल निवासी होने के साथ ही कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है।

धान खरीदी केन्द्रों से परिवहन नहीं होने से किसान परेशान

नवभारत, उमरियापान। तहसील ढीमरखेड़ा क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्रों से परिवहन न होने के कारण किसानों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी केन्द्रों में धान की आवक जादा होने के बावजूद भी परिवहन व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है केन्द्रों में धान के ढेर लगने के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। दूर दराज गांवों से किसानों का आना होता है जिससे वे समर्थन मूल्य पर अपनी धान बेंच सकें। धान उठाव न होने के कारण उन्हें बार-बार लौटने को मजबूर होना पड़ता है।

रूपनाथ मेला की तैयारियां तेज, मंदिर परिसर से हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत, बहोरीबंद। आगामी रूपनाथ मेला की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के उद्देश्य से आज बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया अपने पुलिस स्टाफ के साथ तथा नायब तहसीलदार बहोरीबंद के नेतृत्व में राजस्व अमले एवं पंचायत टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान रूपनाथ मंदिर परिसर एवं मेला प्रांगण के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को मेला अवधि में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा, यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है और आगे भी आवश्यकतानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

समग्र आईडी में नई बहुओं का नाम जोड़ना बना चुनौती

मैरिज सर्टिफिकेट नहीं होने से ई-केवायसी अटकी, ग्रामीणों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

नवभारत, कटनी। समग्र आईडी आज एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज बन चुकी है। शासन की लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने से लेकर विभिन्न शासकीय कार्यों में समग्र आईडी और उसकी ई-केवायसी अनिवार्य कर दी गई है। जिले में समग्र आईडी बनाने और ई-केवायसी का कार्य तेज़ी से चल रहा है, लेकिन इस प्रक्रिया में गांव की नई बहुएं सबसे बड़ी परेशानी का सामना कर रही हैं।

दरअसल, नई बहुओं का नाम समग्र परिवार आईडी में जोड़ने के लिए मैरिज सर्टिफिकेट का अपलोड होना अनिवार्य है। मैरिज सर्टिफिकेट के अभाव में न तो उनका नाम समग्र में जोड़ा जा पा रहा है और न ही ई-केवायसी पूरी हो पा रही है। जब तक नई बहू का नाम नहीं जुड़ता, तब तक परिवार की समग्र आईडी पूर्ण नहीं मानी जाती।

जरूरत पड़ने पर ही बनवाते हैं मैरिज सर्टिफिकेट

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अधिकांश लोग मैरिज सर्टिफिकेट को तभी महत्व देते हैं, जब किसी शासकीय दस्तावेज में उसकी अनिवार्यता सामने आती है। शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अधिक होने के कारण पढ़े-लिखे युवा विवाह के बाद प्रमाण पत्र बनवा लेते हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में यह प्रचलन अब भी नहीं है। परिणामस्वरूप बाद में शासकीय प्रक्रियाओं में लोगों को परेशान होना पड़ता है।

शपथ पत्र की प्रक्रिया ग्रामीणों के लिए महंगी

मैरिज सर्टिफिकेट नहीं होने की स्थिति में समग्र पोर्टल पर नाम जोड़ने की वैकल्पिक प्रक्रिया काफी लंबी और खर्चीली है। इसके तहत— वर-वधू के पासपोर्ट साइज फोटो, विवाह की फोटो, पहचान पत्र, जन्मतिथि सत्यापन के दस्तावेज, वर-वधू के शपथ पत्र, गवाहों के पहचान पत्र जैसे कई दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शपथ पत्र बनवाने और अन्य दस्तावेजों की व्यवस्था में करीब 500 रुपये या उससे अधिक खर्च आ जाता है, जो गरीब परिवारों के लिए अतिरिक्त बोझ बन रहा है।

जिले में ई-केवायसी की स्थिति

जिले की 6 जनपद पंचायतों, 3 नगर परिषदों और 1 नगर निगम अंतर्गत कुल 13,49,991 समग्र सदस्य पंजीकृत हैं। 7 जनवरी तक इनमें से 11,94,496 सदस्यों का वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। इस प्रकार जिले में समग्र आईडी कार्य की प्रगति 88.48 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि अब भी 1,54,606 प्रकरण लंबित हैं।

सीईओ ने प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर 15 तक शत-प्रतिशत सत्यापन के दिए निर्देश

नवभारत, कटनी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप आवास पूर्णता एवं चेकर द्वारा सत्यापन कार्य की प्रगति की जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत सीईओ ने जिले की समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, प्रधानमंत्री आवास योजना के विकासखंड समन्वयकों एवं सत्यापन हेतु नामांकित चेकर अधिकारियों से आवास पूर्णता एवं सत्यापन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी डॉ. मृगेंद्र सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी ने जनपद पंचायतवार निर्धारित लक्ष्य एवं अब तक की गई प्रगति से अवगत कराया। समीक्षा के दौरान श्री कौर ने सत्यापन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चेकर अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्हें शाबाशी दी, वहीं कार्य में लापरवाही एवं पुअर परफॉर्मेंस पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 जनवरी तक प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप समय-सीमा में आवास पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

विजयराघवगढ़ क्षेत्र के नन्हवारा रोड पर खुलेआम अवैध प्लॉटिंग

कृषि भूमि पर कच्ची सड़क बनाकर काटे जा रहे अवैध प्लॉट

नवभारत, कटनी। जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहाँ नियमों को ताक पर रखकर कृषि योग्य भूमि पर धड़ल्ले से अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। आरोप है कि इस पूरे मामले में भू-माफिया और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कार्रवाई नहीं हो रही। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के नन्हवारा रोड पर कृषि भूमि को बिना डायवर्जन कराए आवासीय भूमि में तब्दील किया जा रहा है। कृषि जमीन के बीचो-बीच कच्ची सड़क डालकर अवैध रूप से प्लॉट काटे जा रहे हैं, जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और राजस्व नियमों का खुला उल्लंघन है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह अवैध प्लॉटिंग लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मौन हैं। आरोप है कि भू-माफियाओं को प्रशासनिक संरक्षण मिलने के कारण वे बिना किसी नक्शा पास और अनुमति के जमीन की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में यहां अवैध कॉलोनियों की बाढ़ आ सकती है, जिससे बुनियादी सुविधाओं और कानून-व्यवस्था की समस्या खड़ी होगी। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस अवैध प्लॉटिंग पर सख्त कार्रवाई करेगा या फिर भू-माफियाओं का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन मजबूत करने का मंत्र

पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत शक्ति केन्द्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों की बैठक

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर का गुरुवार को कटनी प्रवास हुआ। कटनी आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने पार्टी की ओर से डॉ. गुर्जर की भव्य अगवानी की। इसके बाद डॉ. अलका गुर्जर ने मंडल में आयोजित शक्तिकेन्द्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। होटल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत आने वाले बूथ अध्यक्ष एवं शक्तिकेन्द्र संयोजकों की बैठक में डॉ. गुर्जर ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व का बोध कराते हुए जनता और संगठन के बीच सेतु बनकर कार्य करने की बात कही। साथ ही चल रहे स्ट्रक अभियान में पूरी सजगता के साथ पात्र और अपात्र मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि डॉ. अलका गुर्जर का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनका सानिध्य संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि राष्ट्रीय मंत्री का बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद भाजपा संगठन की शक्ति और खूबसूरती को दर्शाता है। मंचासीन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने भी अपने आशीर्वचन में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मंच पर पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, रवि खरे, अंकिता तिवारी, आशीष गुप्ता बाबा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का दीनदयाल उपाध्याय मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष रजत जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विधायक संदीप जायसवाल द्वारा किया गया।

गर्वित गंगवार होंगे कटनी वन मंडल अधिकारी

नवभारत, कटनी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भारतीय वन सेवा के 28 अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस तबादला सूची में कटनी वन मंडल भी प्रभावित हुआ है। शासन के आदेश के अनुसार गर्वित गंगवार को कटनी का नया वन मंडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वर्तमान में कटनी के रहे गौरव शर्मा का तबादला नर्मदापुरम किया गया है।

विधायक कप का भव्य शुभारंभ

नवभारत, उमरियापान। सिलौंडी क्षेत्र के ग्राम भैसवाही में आज विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच साकेत लोनी ने किया। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया कि विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने हेतु खेला जा रहा है। विजेता टीम उपविजेता को शील्ड और नगद राशि देकर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सम्मानित करेंगे। पहला मैच मुरवारी और बेहरिया के बीच खेला गया। विजय कपिल इंद्र कुमार सौरभ धन कुमार की मौजूदगी रही।

सदगुरू साई अनुशासन महाविद्यालय, कटनी

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संबद्ध (मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त)

सहायक प्राध्यापक हेतु आवेदन आमंत्रित महाविद्यालय में कोड-28 के अंतर्गत निम्न विषयों में सहायक प्राध्यापक की

आवश्यकता है

क्र.	विषय	योग्यता	संख्या
1	अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र	संबंधित विषय से नेट / पीएचडी एवं स्नातकोत्तर	प्रत्येक विषय हेतु एक पद
2	कॉमर्स, कम्प्यूटर एप्लीकेशन	संबंधित विषय से नेट / पीएचडी एवं स्नातकोत्तर	प्रत्येक विषय हेतु एक पद

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति सहित आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर महाविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें अथवा ई-मेल द्वारा भेजें।

ई-मेल: anushshanil2022@gmail.com

पता: सद्गुरु सांई अनुशासन महाविद्यालय, कैमोरी कटनी (मोबाइल: 8959131315)

भूमिपूजन

16 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

जगमोहन दास वार्ड में विकास कार्यों को मिली गति

नवभारत,कटनी। नगर के जगमोहन दास वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में गुरुवार को 16 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम महापौर श्रीमती सूरी क्षेत्रीय पार्षद मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें नगर निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

प्रस्तावित निर्माण कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्षेत्र में नाली एवं जल निकासी से संबंधित कार्य कराए जाएंगे, जिससे वर्षा ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद गोविंद चावला, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद, डब्बू रजक, की उपस्थिति रही।

महापौर सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। महापौर सूरी ने कहा कि नाली निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था के सुदृढ़ होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वार्ड की सफाई व्यवस्था को भी नया आयाम मिलने से जन स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी सहित सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत कर नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

धर्मलोक हॉस्पिटल

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

डॉ. राजेश बत्रा

एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.

जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा

एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा

स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024